पंजाब केसरी
SUN,12 JULY 2026
EDITION: HIMACHAL , PAGE NO. 5

# हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने जारी की टैट की आंसर की

## ■ 16 जुलाई तक दर्ज करवाएं आपत्ति


धर्मशाला, 11 जुलाई (सुनील): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला ने जून 2026 में आयोजित विभिन्न अध्यापक पात्रता परीक्षाओं की अस्थायी उत्तर कुंजी अपनी आधिकारिक वैबसाइट पर अपलोड कर दी है। परीक्षा में शामिल हुए अभ्यर्थी अब वैबसाइट पर जाकर अपने उत्तरों का मिलान कर सकते हैं। अभ्यर्थियों की सहूलियत के लिए बोर्ड ने उत्तर कुंजी को ए, बी, सी और डी सीरीज के प्रारूप में जारी किया है।

इस परीक्षा में स्पैशल एजुकेटर टी.ई.टी. प्री-प्राइमरी से 12वीं कक्षा तक, टी.जी.टी. आर्ट्स, मैडीकल, नॉन-मैडीकल, संस्कृत, हिंदी व जे.बी.टी. सहित पंजाबी और उर्दू टी.ई.टी. के विषय शामिल हैं। यदि किसी अभ्यर्थी को बोर्ड द्वारा जारी किए गए किसी भी उत्तर पर कोई संदेह या आपत्ति है तो वे आगामी 16 जुलाई तक अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। अभ्यर्थी प्रामाणिक तथ्यों और संदर्भ पुस्तकों के साक्ष्यों के साथ अपनी आपत्तियां बोर्ड की ई-मेल आई.डी. पर भेज सकते हैं।

इसके अलावा उम्मीदवार कार्य दिवसों में व्यक्तिगत रूप से बोर्ड कार्यालय आकर या डाक के माध्यम से भी इसे जमा करवा सकते हैं। डाक से भेजे जाने वाले पत्र 16 जुलाई को शाम 5 बजे तक बोर्ड कार्यालय पहुंच जाने चाहिए।

बोर्ड ने साफ किया है कि बिना किसी प्रामाणिक सबूत या समय सीमा के बाद मिलने वाली किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

> **परीक्षार्थियों** की सुविधा के लिए सभी चारों सीरीज अस्थायी उत्तर कुंजी वैबसाइट पर डाल दी गई है। अभ्यर्थी 16 जुलाई तक प्रामाणिक तथ्यों के साथ अपनी आपत्तियां दर्ज करवा सकते है। बिना किसी साक्ष्य या देरी से मिलने वाली आपत्तियों को सीधे खारिज कर दिया जाएगा। सभी उम्मीदवार समय रहते उत्तर कुंजी का सावधानीपूर्वक अवलोकन कर लें।



> –डा. राजेश शर्मा, अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड।

# टेट की अस्थायी उत्तर कुंजी जारी 16 जुलाई तक दर्ज करवाएं आपत्ति

**जागरण संवाद केंद्र, धर्मशाला** : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला ने जून 2026 में आयोजित अध्यापक पात्रता परीक्षा (टेट) की अस्थायी उत्तर कुंजी जारी की है।

बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि अभ्यर्थी उत्तरों का मिलान बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर कर सकते हैं। उत्तर कुंजी को ए, बी, सी और डी श्रृंखला के प्रारूप में जारी किया है, जिसमें विशेष शिक्षक पात्रता परीक्षा, प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक, कनिष्ठ बुनियादी शिक्षक (जेबीटी), पंजाबी और उर्दू अध्यापक पात्रता परीक्षा की उत्तर कुंजी शामिल है।

यदि किसी अभ्यर्थी को उत्तर कुंजी में किसी उत्तर पर आपत्ति है तो वह प्रमाणित तथ्यों और संदर्भ पुस्तकों के साक्ष्यों के साथ दर्ज करवा सकता है। आपत्तियां भेजने की अंतिम तिथि 16 जुलाई शाम पांच बजे है। अभ्यर्थी आपत्तियां ई-मेल, व्यक्तिगत रूप से या डाक के माध्यम से भेज सकते हैं। डाक से भेजी गई आपत्तियां भी 16 जुलाई शाम पांच बजे तक बोर्ड कार्यालय पहुंचनी चाहिए। बिना प्रमाणित तथ्यों के आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

# टेट की अस्थायी उत्तर कुंजी जारी, 16 तक दर्ज कराएं आपत्तियां

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने जून में आयोजित 10 विषयों की अध्यापक पात्रता परीक्षा (टेट) की अस्थायी उत्तर कुंजी जारी कर दी है। इसके साथ ही बोर्ड ने अभ्यर्थियों से उत्तर कुंजी पर 16 जुलाई तक प्रमाणित तथ्यों सहित आपत्तियां मांगी हैं।

**बोर्ड ने 10 विषयों की परीक्षा की उत्तर कुंजी अपलोड की**

बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि जून में स्पेशल एजुकेटर टेट (प्री-प्राइमरी से कक्षा-5 एवं कक्षा 6 से 12), टीजीटी (आर्ट्स, मेडिकल, नॉन-मेडिकल, संस्कृत, हिंदी), जेबीटी, पंजाबी और उर्दू विषयों की परीक्षा ली थी। यदि किसी अभ्यर्थी को उत्तरों पर कोई आपत्ति है, तो 16 जुलाई तक प्रामाणिक तथ्यों और संबंधित संदर्भ पुस्तकों के साक्ष्यों के साथ बोर्ड की आधिकारिक ई-मेल आईडी पर अपनी आपत्ति भेज सकता है। बोर्ड अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि उम्मीदवार कार्य दिवसों में व्यक्तिगत रूप से आकर या डाक माध्यम से भी आपत्तियां जमा करवा सकते हैं। ब्यूरो

# शिक्षक बनने की राह पर अहम कदम, एचपीबीओएसई ने जारी की TET जून-2026 की अस्थायी उत्तर कुंजी

**धर्मशाला, (आपका फैसला)।** हिमाचल प्रदेश में सरकारी शिक्षक बनने का सपना देख रहे हजारों युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण खबर है। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला ने जून-2026 में आयोजित विभिन्न अध्यापक पात्रता परीक्षाओं की अस्थायी उत्तर कुंजी (Provisional Answer Key) अपनी आधिकारिक वेबसाइट www.hpbose.org पर अपलोड कर दी है। परीक्षा में शामिल हुए अभ्यर्थी अब अपने उत्तरों का मिलान कर सकते हैं।

बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए उत्तर कुंजी को Series-A, B, C एवं D के प्रारूप में जारी किया गया है। इसके अंतर्गत निम्नलिखित विषयों की परीक्षाएं शामिल हैं: स्पेशल एजुकेटर टीईटी (प्री-प्राइमरी से कक्षा-5 एवं कक्षा 6 से 12) टीजीटी (आर्ट्स, मेडिकल,




नॉन-मेडिकल, संस्कृत, हिंदी) जेबीटी (JBT) पंजाबी टीईटी और उर्दू टीईटी आपत्ति दर्ज करने की अंतिम तिथि 16 जुलाई यदि किसी अभ्यर्थी को बोर्ड द्वारा जारी किए गए किसी उत्तर पर संदेह है, तो वे इसके खिलाफ अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। डॉ. शर्मा ने बताया कि आपत्तियां दर्ज कराने की अंतिम तिथि 16 जुलाई, 2026 तय की गई है। अभ्यर्थी अपनी आपत्तियां प्रामाणिक तथ्यों और संबंधित संदर्भ पुस्तकों के साक्ष्यों के साथ बोर्ड की ई-मेल आईडी hpbosesopaperset-ting.yx@gmail.com पर भेज सकते हैं। इसके अलावा, उम्मीदवार कार्य दिवसों में व्यक्तिगत रूप से आकर या डाक के माध्यम से भी बोर्ड कार्यालय में अपनी आपत्तियां जमा करवा सकते हैं। डाक से भेजे गए पत्र 16 जुलाई को शाम 5:00 बजे तक बोर्ड कार्यालय पहुंच जाने चाहिए।

बिना प्रमाण नहीं होगा कोई विचार बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि आपत्तियों के मामले में नियमों का सख्ती से पालन किया जाएगा साक्ष्य अनिवार्यं बिना प्रमाणित तथ्यों और प्रामाणिक साक्ष्यों के प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। समय सीमा: 16 जुलाई के बाद प्राप्त होने वाली किसी भी मौखिक अथवा लिखित आपत्ति को सिरे से खारिज कर दिया जाएगा। समय सीमा के भीतर प्राप्त होने वाली सभी वैध आपत्तियों की समीक्षा संबंधित विषय विशेषज्ञों की एक विशेष समिति द्वारा की जाएगी।

# टीजीटी, जेबीटी और स्पेशल एजुकेटर सहित विभिन्न विषयों की उत्तर कुंजी बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध,

दैनिक जागो वर्ल्ड ! धर्मशाला/ राकेश कुमार

हिमाचल प्रदेश में सरकारी शिक्षक बनने का सपना देख रहे हजारों युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण खबर है। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड (HPBOSE), धर्मशाला ने जून-2026 में आयोजित विभिन्न अध्यापक पात्रता परीक्षाओं (TET) की अस्थायी उत्तर कुंजी (Provisional Answer Key) अपनी आधिकारिक वेबसाइट **www.hpbose.org** पर अपलोड कर दी है। परीक्षा में शामिल हुए अभ्यर्थी अब अपने उत्तरों का मिलान कर सकते हैं।बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए उत्तर कुंजी को Series-A, B, C एवं D के प्रारूप में जारी किया गया है। इसके अंतर्गत निम्नलिखित विषयों की परीक्षाएं शामिल हैं: स्पेशल एजुकेटर टीईटी (प्री-प्राइमरी से कक्षा-5 एवं कक्षा 6 से 12)टीजीटी (आर्ट्स, मेडिकल, नॉन-मेडिकल, संस्कृत, हिंदी)जेबीटी (JBT)पंजाबी टीईटी और उर्दू टीईटीआपत्ति दर्ज करने की अंतिम तिथि 16 जुलाईयदि किसी अभ्यर्थी को बोर्ड द्वारा जारी किए गए किसी उत्तर पर संदेह है, तो वे इसके खिलाफ अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। डॉ. शर्मा ने बताया कि आपत्तियां दर्ज कराने की अंतिम तिथि 16 जुलाई, 2026 तय की गई है। अभ्यर्थी अपनी आपत्तियां प्रामाणिक तथ्यों और संबंधित संदर्भ पुस्तकों के साक्ष्यों के साथ बोर्ड की ई-मेल आईडी **hpbosesopapersetting.43@gmail.com** पर भेज सकते हैं। इसके अलावा, उम्मीदवार कार्य दिवसों में व्यक्तिगत रूप से आकर या डाक के माध्यम से भी बोर्ड कार्यालय में अपनी आपत्तियां जमा करवा सकते हैं। डाक से भेजे गए पत्र



16 जुलाई को शाम 5:00 बजे तक बोर्ड कार्यालय पहुंच जाने चाहिए। बिना प्रमाण नहीं होगा कोई विचारबोर्ड ने स्पष्ट किया है कि आपत्तियों के मामले में नियमों का सख्ती से पालन किया जाएगा! **साक्ष्य अनिवार्य:** बिना प्रमाणित तथ्यों और प्रामाणिक साक्ष्यों के प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। **समय सीमा:** 16 जुलाई के बाद प्राप्त होने वाली किसी भी मौखिक अथवा लिखित आपत्ति को सिरे से खारिज कर दिया जाएगा। क्या होगी आगे की प्रक्रिया? समय सीमा के भीतर प्राप्त होने वाली सभी वैध आपत्तियों की समीक्षा संबंधित विषय विशेषज्ञों की एक विशेष समिति द्वारा की जाएगी। इस समिति की सिफारिशों के आधार पर ही 'अंतिम उत्तर कुंजी' (Final Answer Key) तैयार होगी। इस अंतिम कुंजी को परीक्षा परिणामों के साथ सीधे बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किया जाएगा। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि इस संबंध में किसी भी अभ्यर्थी को व्यक्तिगत रूप से कोई अलग सूचना नहीं दी जाएगी। बोर्ड अध्यक्ष ने सभी अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे समय रहते अस्थायी उत्तर कुंजी का सावधानीपूर्वक अवलोकन कर लें। किसी भी प्रकार की शंका या अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी बोर्ड कार्यालय के हेल्पलाइन नंबर **01892 -242134** पर संपर्क कर सकते हैं।

The Sunny Times

# CLASS IS IN SESSION: HPBOSE RELEASES TET ANSWER KEYS, OPENS OBJECTION WINDOW



***Sunny Mahajan | Dharamshala***

The dream of shaping young minds in government schools across Himachal Pradesh just hit a crucial milestone. The Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE), based in Dharamshala, has officially released the provisional answer keys for the Teacher Eligibility Test (TET) held in June 2026. Available now on their official website, this release opens the floor for thousands of anxious candidates to cross-verify their answers and see exactly where they stand.

According to HPBOSE Chairman Dr. Rajesh Sharma, the answer keys have been meticulously categorized into Series A, B, C, and D to ensure a hassle-free checking experience. The release spans a wide array of subjects, covering everything from JBT and Special Educator roles across all grade levels to specialized TGT positions in Arts, Medical, Non-Medical, Sanskrit, and Hindi, alongside Punjabi and Urdu language tests.

However, the clock is already ticking for anyone who spots a discrepancy. Candidates who believe the board got an answer wrong have until July 16, 2026, at 5:00 PM sharp to lock in their objections. Dr. Sharma emphasized that the board won't just take anyone's word for it; every single challenge must be backed by rock-solid evidence and references from authentic textbooks.

Aspiring teachers can submit their grievances by emailing the board's dedicated paper-setting cell, sending a traditional letter via post, or even dropping by the board office in person during working days. Just make sure the mail arrives on time, because the board has made it crystal clear that late arrivals or hearsay objections without factual proof will be tossed straight into the bin.

Once the July 16 deadline passes, a panel of subject-matter experts will thoroughly review the valid objections to curate the definitive final answer key. This ultimate verdict will be published alongside the official results directly on the website, meaning no individual letters will be sent out to candidates. For those caught in a web of confusion or needing extra clarity, the board has opened a direct lifeline through their official helpline at 01892-242134, urging everyone to review the keys immediately before the window slams shut.